**Date:03/12/24**

***भाषा विवि की पूर्वा गौर को PlanetSpark में मिला 6.40 लाख पैकेज पर प्लेसमेंट***

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (CSE) AI&DS विभाग की फाइनल ईयर की छात्रा *पूर्वा गौर* ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करते हुए प्रतिष्ठित कंपनी *PlanetSpark* में 6.40 लाख रुपये वार्षिक के कुल पैकेज (CTC) पर प्लेसमेंट प्राप्त की है।पूर्वा गौर शुरू से ही एक नियमित और होनहार छात्रा रही हैं। इस ऑनलाइन प्लेसमेंट प्रक्रिया में कुल 6 राउंड हुए, जिनमें तकनीकी कौशल, समस्या समाधान क्षमता और संचार कौशल का मूल्यांकन किया गया ।PlanetSpark, एक अग्रणी एडटेक कंपनी, छात्रों को प्रभावी संचार कौशल और लीडरशिप क्वालिटी विकसित करने में मदद करती है।अपनी इस सफलता का श्रेय पूर्वा गौर ने अपने विभाग के  समस्त शिक्षकों और विभागीय मार्गदर्शकों को दिया है, जिन्होंने उन्हें हर कदम पर सहयोग और प्रेरणा दी।विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय ने पूर्वा गौर को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों और प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की भी सराहना की।यह सफलता न केवल विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि यह सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत भी है।

***Purva Gaur of Language University got placement on 6.40 lakh package in PlanetSpark***

*Purva Gaur, a final year student of Computer Science and Engineering (CSE) AI&DS Department of Khwaja Moinuddin Chishti Language University, has got a placement on a total package (CTC) of Rs 6.40 lakh per annum in the prestigious company **PlanetSpark*, shining the name of the university. Purva Gaur has been a regular and promising student since the beginning. There were a total of 6 rounds in this online placement process, in which technical skills, problem solving skills and communication skills were evaluated. PlanetSpark, a leading edtech company, helps students develop effective communication skills and leadership qualities. Purva Gaur has credited his success to all the teachers and departmental guides of his department, who supported and inspired him at every step. The Vice-Chancellor Prof N B Singh has congratulated Purva on her placement and wished her a bright future. At the same time, he also appreciated the efforts of the university's teachers and the placement cell. This success is not only a proud moment for the university, but it is also a source of inspiration for all students.

**Date:05/12/2024**

**Press Release 1**

**भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग की साहित्यिक संस्था "बज़्में अदब" के तहत एक साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन**

टिप्पणी किसी पुस्तक या कलाकृति की प्रकाशित समीक्षा का नाम है:प्रो.फ़खरे आलम

लखनऊ, 5 दिसंबर, 2024: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग की साहित्यिक संस्था "बज़्में अदब" द्वारा उर्दू में टिप्पणी लेखन की परंपरा विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें टिप्पणी लेखन विषय पर सार्थक और अहम चर्चा हुई जिससे इस विषय के महत्वपूर्ण पहलुओं और आयामों का ज्ञान हुआ और नये बिंदुओं से अवगत कराया गया। टिप्पणी किसी पुस्तक या कलाकृति की प्रकाशित समीक्षा का नाम है। टिप्पणी आमतौर पर किसी नई पुस्तक या हालिया कलाकृति पर की जाती है और टिप्पणी करते समय उसके गुण-दोषों का संक्षेप में निष्पक्षता से मूल्यांकन किया जाता है। वास्तव में, एक टिप्पणीकार को एक साहित्यिक और अकादमिक मार्गदर्शक का दर्जा प्राप्त होता है जो सामान्य पाठकों और उनके हितों को उत्तेजित करता है उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि एक टिप्पणीकार के लिए तटस्थ रहना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि उसकी राय पाठकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, उसे टिप्पणी में किसी भी तरह का पूर्वाग्रह नहीं रखना चाहिए क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है टिप्पणीकारों के लिए अपनी पसंद-नापसंद के दायरे से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है, इसलिए वे कभी-कभी टिप्पणीकार की भी अच्छी टिप्पणी नहीं लिख पाते टिप्पणी इतनी पक्षपातपूर्ण हो जाती है कि टिप्पणीकार पर ही टिप्पणी होने लगती है। इस साहित्यिक कार्यक्रम के दूसरे वक्ता डॉ. जफरुन नक़ी ने टिप्पणी की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शुरुआती दौर में उर्दू में टिप्पणी की कोई परंपरा नहीं थी। अंग्रेजी भाषा और साहित्य के माध्यम से वे इससे परिचित हुए। उर्दू में सर सैय्यद और उनके दोस्तों ने न केवल विभिन्न पुस्तकों और पत्रिकाओं पर टिप्पणियाँ लिखीं, बल्कि उन्होंने समीक्षा लेखन और टिप्पणी लेखन के नियमों और विनियमों पर भी चर्चा की इसके साथ ही देखा जाये टो अभी तक इस विषय, परंपरा और इसकी कला के संबंध में कोई समग्र पुस्तक नहीं लिखी जा सकी, जबकि समकालीन युग में इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही है।

इस साहित्यिक कार्यक्रम में शोधार्थी सैय्यद मुईनुद्दीन ने मुहम्मद हुसैन आज़ाद की महत्वपूर्ण पुस्तक आबे हयात, शोधार्थी मुहम्मद नसीम ने डॉ. अख्तर बस्तवी की पुस्तक भारतीय साहित्य के वास्तुकार: क़ाज़ी मुहम्मद अदील अब्बासी और शोधार्थी रशीदा खातून ने प्रोफेसर इब्न कंवल द्वारा लिखित मोनोग्राफ दाग़ दहलवी पर टिप्पणी लेखन प्रस्तुत किया। इस महत्वपूर्ण साहित्यिक कार्यक्रम का संचालन एम.ए के छात्र अब्दुल कादिर और धन्यवाद अब्दुल्ला ने किया। अंत में बज़्में अदब की वाल मैगज़ीन का लोकार्पण प्रोफेसर फखरे आलम के हाथों संपन्न हुआ, जिसकी शिक्षकों ने सराहना की। इस साहित्यिक कार्यक्रम में शोधार्थियों एवं छात्रों के अलावा उर्दू विभाग के शिक्षक प्रो. फख़्रे आलम, डॉ. मुर्तज़ा अतहर, डॉ. अकमल शादाब, डॉ. आज़म अंसारी, डॉ. ज़फरुन नक़ी, डॉ. मुनव्वर हुसैन, डॉ. सिद्धार्थ सुदीप और डॉ. मूसी रज़ा ने भाग लिया।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**Press Release 2**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्विद्यालय लखनऊ के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग में 05 दिसम्बर 2024 को इंडस्ट्री 4.0 पर विशेष व्याख्यान का आजोजन किया गया| मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ यूनिवर्सिटी के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग के सहायक आचार्य डॉ० कमलेश तिवारी रहे| कार्यक्रम के आरंभ में यांत्रिकी विभाग के सहायक आचार्य और इस कार्यशाला के सयोजक डॉ.सैयद असगर हुसैन रिज़वी ने इंडस्ट्री 4.0 का परिचय दिया , विषय पे चर्चा करते हुए डॉ० तिवारी ने व्याख्यान में प्रतिभाग लेने वाले विद्यार्थियों को इंडस्ट्री 4.0 के बारे में विवरण देते हुए उसकी उपयोगिताएं समझाई| इस विशेष व्याख्यान का समापन संकाय के निदेशक डॉ राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन से किया| व्याख्यान के आयोजन में विशेष सहयोग विभाग के सहायक आचार्य ई. विवेक बाजपाई ,ई. सत्येंद्र कुमार शुक्ला, ई. उन्नी किसन , ई. बीरेंद्र कुमार, ई. शकील अली एवं यांत्रिकी के छात्र-छात्राओं का रहा.

**Date:06/12/2024**

**भाषा विवि में हुआ फिट इण्डिया वीक समारोह का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एन0 बी0 सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में फिट इण्डिया मूवमेंट के अंतर्गत फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 का आयोजन दिनांक 06-13 दिसंबर, 2024 तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत क्रीड़ा परिषद द्वारा शटल रन (महिला वं पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।शटल रन प्रतियोगिता पुरुष वर्ग मे 20 एवं महिला वर्ग मे 08 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग मे प्रथम स्थान आदित्य सिंह ने, द्वितीय स्थान आशीष शर्मा ने एवं् तृतीय स्थान ज़ीशान ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के महिला वर्ग मे अनमता बनो ने प्रथम, रीतू मौर्या द्वितीय एवं् एकता कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन मो0 शारिक सदस्य सचिव-क्रीड़ा परिषद द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का निर्णायन डॉ0 हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थाई) शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रो0 चंदना डे, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण एवं डॉ नीरज शुक्ल, उपाध्यक्ष क्रीड़ा परिषद द्वारा उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी। फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 के अंतर्गत कल दिनांक 07 दिसंबर, 2024 को 'स्वास्थ्य बनाए रखने हेतु फिटनेस का महत्व' के शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ0 नलिनी मिश्रा, डॉ0 रुचिता सुजॉय चौधरी, डॉ0 पूनम, डॉ0 मिनहाज इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

**Date:07/12/2024**

**Press Release 1**

**भाषा विवि में हुआ महिला स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ तथा दैनिक जागरण के संयुक्त तत्वाधान में "कैरियर विकास तथा महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी "उड़ान" कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के संरक्षण में महिला अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा तथा कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला शिक्षिकाओ, कर्मचारियों तथा छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता तथा मासिक धर्म स्वच्छता की जागरूकता डॉ. इलियाना खातून द्वारा दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने महिला चिकित्सक से संबंधित व्यक्तिगत शारीरिक स्वच्छता तथा मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित प्रश्न पूछे तथा निदान प्राप्त किया। महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि विकसित भारत के सपने को तभी सरकार किया जा सकता है जब आधी आबादी जो महिलाओं की है वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेगी और जीडीपी वृद्धि में अपना योगदान कर सकेगी। कार्यक्रम मे मिस प्रशंसा द्वारा छात्राओं को यह बताया गया की जीवन में आगे बढ़ने के लिए तथा शैक्षिक एवं व्यवसायिक विकास हेतु मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य का विशेष महत्व रहता है। सभी को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए जिससे वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को सैनिटरी पैड्स वितरित किए गए जिससे उनमें मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित हो सके तथा वह अन्य महिलाओं को भी इसके लिए जागरुक कर सके। कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ .भावना मिश्रा ने सभी छात्राओं को शारीरिक स्वच्छता पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम चौधरी, डॉ रामदास, डॉ. जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा, डॉ. हारून रशीद , डॉ श्वेता अग्रवाल, डॉ. मनीष कुमार तथा डॉ साइमा अलीम का विशेष योगदान रहा।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**Press Release 2**

**भाषा विश्वविद्यालय में फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एन0 बी0 सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में फिट इण्डिया मूवमेंट के अंतर्गत फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 का आयोजन दिनांक 06-13 दिसंबर, 2024 तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत क्रीड़ा परिषद द्वारा आज दिनांक 07 दिसंबर, 2024 को 'स्वास्थ्य बनाए रखने हेतु फिटनेस का महत्व' के शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता मे 17 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। विजेताओं की घोषणा दिनांक 13 दिसंबर, 2024 को पुरस्कृत कर की जाएगी प्रतियोगिता का संचालन मो0 शारिक सदस्य सचिव-क्रीड़ा परिषद द्वारा किया गया I प्रतियोगिता का निर्णायन डॉ0 हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थाई) शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रो0 चंदना डे, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण एवं डॉ नीरज शुक्ल, उपाध्यक्ष क्रीड़ा परिषद द्वारा उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर डॉ0 नलिनी मिश्रा, डॉ0 पूनम, डॉ0 मिनहाज इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

**Date:10/12/2024**

**Press Release 1**

**भाषा विवि में हुआ गेस्ट व्याख्यान का सफल आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह  के प्रेरणादायक विजन और मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के *फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग* के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एक शानदार गेस्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। छात्रों के शैक्षणिक विकास और तकनीकी ज्ञान को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय के नवाचार और शोध संस्कृति को और समृद्ध किया। इस व्याख्यान में *लखनऊ विश्वविद्यालय* के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ *डॉ. उपेंद्र कुमार उपाध्याय* ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने छात्रों को *आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), **मशीन लर्निंग (ML)* और *न्यूरल नेटवर्क्स (NN)* जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक जानकारी दी। डॉ. उपाध्याय ने इन विषयों की शुरुआत मूलभूत ज्ञान से करते हुए छात्रों को उन्नत स्तर तक गहराई से समझाया। इस व्याख्यान के दौरान छात्रों को इन प्रौद्योगिकियों के व्यावहारिक अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं पर मार्गदर्शन भी मिला। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उन्होंने पूरी लगन और उत्साह के साथ इस तकनीकी चर्चा में भागीदारी की। व्याख्यान को सफल बनाने में इं. सायमा अलीम, इं. तसलीम जमाल, श्री अमन मिश्रा और श्री अप्रतिम चटर्जी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई. डॉ.शान-ए-फातिमा ने इस कार्यक्रम का कुशल संचालन किया और छात्रों को तकनीकी ज्ञान के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्सुकता से सवाल पूछे और विशेषज्ञ से बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की। यह व्याख्यान विश्वविद्यालय के छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान और नवीनतम शोध प्रवृत्तियों से जोड़ने का एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है। कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह के नेतृत्व में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लगातार ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्रों को प्रतिस्पर्धात्मक और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है. यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध करने में सहायक रहा, बल्कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर जोड़ गया।

**Press Release 2**

**भाषा विवि में हुआ इण्डिया वीक समारोह का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में माननीय कुलपति महोदय प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में फिट इण्डिया मूवमेंट के अंतर्गत फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 का आयोजन दिनांक 06-13 दिसंबर, 2024 तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत क्रीड़ा परिषद द्वारा दिनांक 09 दिसंबर, 2024 को स्वदेशी खेल: दंड बैठक (महिला वं पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंड बैठक प्रतियोगिता पुरुष वर्ग मे 13 एवं महिला वर्ग मे 04 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग मे प्रथम स्थान रमाकांत गुप्ता ने, द्वितीय स्थान अक्षत बाजपई ने एवं् तृतीय मुदित शुक्ला ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के महिला वर्ग मे अनमता बानो प्रथम, द्वितीय प्रियांशी यादव एवं् बरीरा युमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 के अंतर्गत दिनांक 10 दिसंबर, 2024 को भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा विकसित फिट इण्डिया एप विद्यार्थियों द्वारा डाउनलोड किया गया। मो0 शारिक सदस्य सचिव-क्रीड़ा परिषद द्वारा फिट इण्डिया एप के संबंध मे विद्यार्थियों को जानकारी दी गयी जिसके माध्यम से विद्यार्थी एप कि सहायता से अपनी फिटनेस, स्वास्थ्य एवं जीवन की गुणवत्ता मे सुधार कर अपना दैनिक जीवन खुशहाल कर सकते है। दिनांक 09 दिसंबर, 2024 को आयोजित प्रतियोगिता का निर्णायन एवं दिनांक 10 दिसंबर, 2024 को फिट इण्डिया एप को डाउनलोड करने की प्रक्रिया डॉ0 हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थाई) शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा कराई गयी। सभी विद्यार्थियों को प्रो0 चंदना डे, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण एवं डॉ नीरज शुक्ल, उपाध्यक्ष क्रीड़ा परिषद द्वारा फिट इण्डिया एप हेतु प्रेरित कर स्वस्थ जीवन यापन हेतु शुभकामनाएं दी गयी। फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 के अंतर्गत कल दिनांक 11 दिसंबर, 2024 को योग एवं ध्यान विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ0 नलिनी मिश्रा, डॉ0 पूनम, इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

**Press Release 3**

**भाषा विवि में हुआ फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में में बी. कॉम द्वितीय व तृतीय वर्ष छात्रों ने फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। जिसमें बी. कॉम प्रथम वर्ष के छात्रों ने बढ़-चढ कर भाग लिया।

साथ ही मिस्टर व मिस फ्रेशर प्रतियोगी का अयोजन तीन चरणों में किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में रैम्प वा◌ॅक और परिचय, द्वितीय में अपना कौशल प्रदर्शन तथा तृतीय चरण में कुछ सामाजिक, राजनीति प्रश्न निर्णायकों द्वारा पूछे गये। जिनके उत्तर छात्र एवम छात्राओं ने बहुत ही सटीक दिये।

निर्णायक मंडल में डा. मनीष कुमार, डॉ. मरिया बिंथ सिराज, व शिवम् चतुर्वेदी उपस्थित रहें। वहीं,मिस फ्रेशर्स अदिति, और रनरअप सारा फरीदी। मिस्टर फ्रेशर्स जश्नदीप सिंह और रनरअप मो सैफ रहे। इस मौके पर प्रो. एहतेशाम अहमद (संकाय अध्यक्ष), में छात्रों को अपने आशीष वचन में कहा कि निरंतर अभ्यास व बुक रीडिंग जैसी आदतों को अपना कर अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होना चाहिए। फ्रेशर्स पार्टी के अवसर पर विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. नीरज शुक्ला ने सभी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विभाग की सुश्री आफ़रीन फातिमा (सहा. आचार्य), डॉ. अनुभव तिवारी, जुहैर ज़ैदी (यस. आर. एफ.) व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**Date:11/12/2024**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**भाषा विवि के पत्रकारिता विभाग में मनाया भारतीय भाषा उत्सव**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा भारतीय भाषा दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता हिन्दी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. आराधना अस्थाना ने कहा, "भारतीय भाषाओं का महत्व हमारी संस्कृति और पहचान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी मातृभाषा को संरक्षित और प्रोत्साहित करना चाहिए।" कार्यक्रम के दूसरे सत्र में अंग्रेजी विभाग के डॉ. हारून रशीद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, "भाषा हमारी संस्कृति और पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें अपनी भाषाओं को संरक्षित करने और उनके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।" सत्र का धन्यवाद ज्ञापन पत्रकारिता विभाग की विषय प्रभारी डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने कहा, "यह कार्यक्रम हमारी भाषाओं की विविधता को मनाने और उसके महत्व को समझने का एक अवसर है। हमें अपनी भाषाओं को संरक्षित करने और उनके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।" इस कार्यक्रम के अंत में,विभागाध्यक्ष ने कहा कि "हमें अपनी भाषाओं को संरक्षित करने और उनके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।" इस कार्यक्रम में डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. काजिम रिजवी, डॉ. मोहम्मद नसीब, और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सभी छात्रों ने भाग लिया।

**Press Release 2**

**भाषा विवि में हुआ फिट इण्डिया एक दिवसीय शिविर का आयोजन**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एन0 बी0 सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में फिट इण्डिया मूवमेंट के अंतर्गत फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 में योग एवं ध्यान विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 11 दिसंबर, 2024 को किया गया। जिसमें मो0 शारिक सदस्य सचिव-क्रीड़ा परिषद द्वारा योग और ध्यान विषय पर व्याख्यान भी दिया गया व्याख्यान में सदस्य सचिव द्वारा यह जानकारी दी गई कि योग केवल आसन एवं ध्यान तक सीमित नहीं है अपितु यह एक जीवन शैली है जिससे विश्व में भाई चारा एवं शांति स्थापित की जा सकती है l विद्यार्थियों ने शिविर में प्रतिभाग कर योग और ध्यान कि सहायता से अपनी फिटनेस, स्वास्थ्य एवं जीवन की गुणवत्ता मे सुधार कर आगामी परीक्षाओं हेतु तनाव को नियंत्रित किया। डॉ0 हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थाई) शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा योगाभ्यास कराया गया। सभी विद्यार्थियों को प्रो0 चंदना डे, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण एवं डॉ नीरज शुक्ल, उपाध्यक्ष क्रीड़ा परिषद द्वारा योग और ध्यान हेतु प्रेरित कर स्वस्थ जीवन यापन हेतु शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर डॉ0 नलिनी मिश्रा, डॉ0 रुचिता सुजॉय चौधरी, डॉ0 पूनम, इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे l

**PRESS RELEASE**

**भाषा विवि में हुआ कंप्यूटर कार्यशाला का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा "FULL STACK DEVELOPMENT & AI IMPLEMENTATION कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मोहम्मद मुबासिर, बेब टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट , डिजिपोडियम लखनऊ ने फुल स्टैक डेवलेपमेंट और एआई इंप्लीमेंटेशन पर विस्तार से चर्चा की। मोहम्मद मुबासिर ने वेब डेवलेपमेंट और एआई के विभिन्न पहलुओं, उनकी तकनीकी उपयोगिता, और व्यावहारिक अनुप्रयोगों को दर्शाया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. मज़हर ख़ालिक़, विषय प्रभारी तथा सह-समन्वयक के रूप में डॉ. रज़ा अब्बास हैदरी, सहायक प्रोफेसर, और सुश्री शगुफ्ता खान, सहायक प्रोफेसर (अस्थायी) भी उपस्थित रहे। विभाग के सभी शिक्षक और बड़ी संख्या में बीसीए/एमसीए के छात्र एवं छात्राएँ इस कार्यशाला में उपस्थित रहे।

**Press Release**

**भाषा विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा के उत्सव पर विस्तारित व्याख्यान का आयोजन**

भाषा धार्मिक और क्षेत्रीय सीमाओं को तोड़ती है और लोगों को जोड़ती है: प्रोफेसर सूरज बहादुर थापा

लखनऊ, 11 दिसंबर, 2024: आज ख्वाजा मोइनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय के अटल हॉल में कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह की देखरेख में भारतीय भाषाओं के उत्सव के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपने विचारों को "भारतीय भाषा: विविधता में एकता" के विषय पर संबोधन में कहा कि भाषाएं धार्मिक और क्षेत्रीय सीमाओं को तोड़ती हैं और लोगों को जोड़ती हैं क्योंकि भाषाएं विभाजन को पाटने का काम करती हैं और भाषाएँ एक नए वैश्विक समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाती है उन्होंने भारतीय भाषाओं के संदर्भ में बोलते हुए कहा कि भारत भाषाओं का देश है और हर भाषा की अपनी सभ्यता और संस्कृति है, लेकिन यह सभी भाषाएँ सभ्यताओं के टकराव के बजाय, वे भारत को एकता का दर्पण बनाते हैं, जिसमें भारत का सुंदर चेहरा देखा जा सकता है, भारत की किसी भी भाषा की कविता और साहित्य का अध्ययन करें, यह लोगों, मजदूरों की समस्याओं से संबंधित है पुरुष आधारित समाज में नारी की चिंता और यही मानवता सभी सद्गुणों का आधार है यह भाषाओं को जोड़ता है। इसी संदर्भ में उन्होंने भारतीय जनजातियों की भाषाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी भाषाओं के काव्य और साहित्य में उनकी सभ्यता की अद्भुत व्याख्या मिलती है, जो आज हमारे साहित्यिक विमर्श से बाहर है। वनों की कटाई और खनिज संसाधन के सम्बन्धमें जिस तरह से यहां लिखा जा रहा है, वह भारत की किसी भी क्षेत्रीय भाषा में नहीं लिखा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय भाषाओं का जश्न मनाते समय किसी एक भाषा के प्रभुत्व की बात नहीं करनी चाहिए भारत में सभी भाषाओँ को समान अधिकार मिलना चाहिए संख्या के आधार पर किसी भी भाषा का वर्चस्व वास्तव में भारत की एकता में बहुलता की विचारधारा को नुकसान पहुंचाने के समान है।

इस अवसर पर अध्यक्षीय भाषण देते हुए प्रो. फखरे आलम ने कहा कि भारत अपने विशाल भौगोलिक क्षेत्र में असंख्य भाषाओं के सह-अस्तित्व के माध्यम से विविधता में एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। भारतीय भाषाओं में पाई जाने वाली सामान्य भाषाई विशेषताएँ और आपसी सामंजस्य देश की सांस्कृतिक समृद्धि को उजागर करते हैं और इसकी अंतर्निहित एकता को रेखांकित करते हैं। ये समानताएं भारतीय भाषाओं की एक समान उत्पत्ति

की ओर इशारा करती हैं, जिसने सदियों से उनकी पारस्परिकता और सहिष्णुता को बढ़ावा और मजबूत किया है। यह विकास दिखाता है कि सांस्कृतिक और भाषाई बहुलवाद कैसे सामंजस्यपूर्ण रूप से विकसित हो सकता है, जो भारत की जीवंत और समावेशी पहचान में योगदान देता है। इस भाषाई और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और प्रचार शिक्षा के सभी स्तरों में आवश्यक है इस वर्ष का भारतीय भाषा महोत्सव "भाषाओं के माध्यम से एकता" है, जो दर्शाता है कि भारत की विविध भाषाई परंपराएँ राष्ट्रीय एकता और हमें कैसे प्रोत्साहित करती हैं एक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में, यह छात्रों को इसकी समृद्धि को समझने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आज़म अंसारी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अब्दुल हफीज़ ने किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मुहम्मद अकमल के प्रयास से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा सका इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

**Press Release**

**भाषा विवि के स्वयम-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर को मिली मान्यता**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में स्वयम-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर की स्थापना की गई जिसकी स्वीकृति स्वयम्, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कर दी गई है।

यह छात्रों को स्वयम्-एनपीटीईएल पाठ्यक्रम और प्रमाणन परीक्षा में शामिल होने की प्रक्रिया को और आसान करेगा जिसके माध्यम से भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आईआईटी, आईआईएम या एनआईटी जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों से प्रमाण पत्र प्राप्त कर क्रेडिट अर्जित करने का अवसर प्राप्त होगा। स्थानीय अध्याय का मुख्य उद्देश्य moocs कोर्सेज के पहलों का व्यापक प्रसार प्रदान करना और मुख्यधारा की शिक्षा में moocs को एकीकृत करना है। स्थानीय अध्याय स्वयम् -एनपीटीईएल की विस्तारित शाखा के रूप में कार्य करेगा। विद्यार्थीयों को विश्वविद्यालय के स्थानीय अध्याय के तहत स्वयं मंच में प्रदान किए गए पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है स्वयम् पोर्टल के द्वारा प्रस्तुत कुछ पाठ्यक्रम हैं दृश्य श्रव्य माध्यम , वित्तीय लेखांकन, डेटा विज्ञान के लिए पायथन, संचालन अनुसंधान, तनाव प्रबंधन, क्लाउड कंप्यूटिंग, मानव संसाधन विकास, उपभोक्ता मनोविज्ञान, जनसंख्या अध्ययन, आदि।

इस पोर्टल पर सभी लेवल के विद्यार्थियों के लिए कोर्स उप्लब्ध हैं जिससे कोई भी पंजीकरण कर घर बैठे शिक्षा ग्रहण कर सकता है।

भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता और स्वयम की संयोजक डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा संचालित स्वयम - एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर की स्थापना भाषा विश्वविद्यालय में कर दी गई है। जिसकी आईडी LC 6845 है। डॉ. चौधरी ने बताया कि अब सभी विद्यार्थियों को moocs कोर्सेज की सुविधा स्वयम-एनपीटीईएल पोर्टेल के माध्यम से प्राप्त करने में असुविधा नहीं होगी। जिसमें अर्जित क्रेडिट को नेप के तहत विद्यार्थी अपने वर्तमान में चल रहे कोर्स में भी जुड़वा सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इसके लिए उनके द्वारा ऑर्डिनेंस भी उन्मोदन के लिए प्रस्तावित कर दिए गए हैं।

लोकल चैप्टर की मान्यता प्राप्त होने पर भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों से ऑनलाइन माध्यम से स्वयम एनपीटीईएल पोर्टेल की सुविधाएं लेने का आव्हान किया है। जिससे विश्वविद्यालय स्तर पर बहुविषयकता को विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा में आत्मसात किया जा सकेगा।

**Date:12/12/2024**

**फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 मे विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने स्वयं को फिट रखने की शपथ ली**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एन0 बी0 सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में फिट इण्डिया मूवमेंट के अंतर्गत फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 मे विद्यार्थियों को दिनांक 11 दिसंबर, 2024 को स्वयं को फिट रखने की शपथ मो0 शारिक सदस्य सचिव-क्रीड़ा परिषद द्वारा दिलाई गयी। जिसमें मो0 शारिक द्वारा स्वास्थ्य और फिटनेस विषय पर व्याख्यान भी दिया गया। व्याख्यान में यह जानकारी दी गई कि स्वास्थ्य और फिटनेस एक सिक्के के दो पहलू हैं। अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए फिट रहना अत्यंत आवश्यक है। स्वयं और अपने समाज को स्वस्थ और फिट रखकर ही हम अपने देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते है। विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने शपथ प्रक्रिया में प्रतिभाग कर अपनी फिटनेस, स्वास्थ्य एवं जीवन की गुणवत्ता हेतु द्रड़ संकल्प लिया। डॉ0 हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थाई) शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शपथ एवं व्याख्यान की व्यवस्था की गयी। सभी विद्यार्थियों को प्रो0 चंदना डे, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण एवं डॉ नीरज शुक्ल, उपाध्यक्ष क्रीड़ा परिषद द्वारा स्वस्थ और फिट रहने हेतु प्रेरित कर स्वस्थ जीवन यापन हेतु शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर डॉ0 नलिनी मिश्रा, डॉ0 रुचिता सुजॉय चौधरी, डॉ0 पूनम, डॉ0 नसीब, इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

**Date:13/12/2024**

**Press Release**

**फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 मे खेल एवं उद्योग विषय पर मौखिक प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एन0 बी0 सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में फिट इण्डिया मूवमेंट के अंतर्गत फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 मे खेल एवं उद्योग विषय पर मौखिक प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 दिसंबर, 2024 को किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने खेल से औद्योगिकरण संबंधी विचार व्यक्त किये 1 विद्यार्थियों ने बताया कि खेल उपकरण, खेल परिधान, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर इत्यादि से उद्योग को प्रारम्भ किया जा सकता है। प्रतियोगिता में 11 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया 1 जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः राहुल कुमार, मुदित शुक्ला एवं बरीरा युमन ने प्राप्त किया 1 प्रतियोगिता का निर्णायन मो0 शारिक, सदस्य सचिव: क्रीड़ा परिषद एवं डॉ0 हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थाई) शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। फिट इंडिया वीक, 2024 के समापन समारोह पर सभी विद्यार्थियों को डॉ नीरज शुक्ल, उपाध्यक्ष क्रीड़ा परिषद द्वारा उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर डॉ0 नलिनी मिश्रा, डॉ0 पूनम, डॉ0 नसीब, इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

**Date:16/12/2024**

**भाषा विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं आरंभ**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। विदित है कि ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 दिसम्बर से प्रारंभ हो गई हैं सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए केन्द्र अध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद को बनाया गया है। वहीं सहायक केन्द्र अध्यक्ष में डॉ. राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. आज़म अंसारी और डॉ. श्वेता अग्रवाल को बनाया गया है। परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में कुल 1737 विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तो वहीं 40 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के पहले दिन निरीक्षण के दौरान माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के साथ परीक्षाओ के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए विवि प्रशासन के द्वारा उड़ाका दल को भी नियुक्ति किया गया है जिसमें डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. उधम सिंह, डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. बुशरा अलवेरा आदि ने परीक्षा के सफल संचालन में महती भूमिका निभाई।देविका देवेंद्र मंगलामुखी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर बोर्ड ने किया औपचारिक भ्रमण

**Date:17/12/2024**

**भाषा विश्वविद्यालय में परीक्षा का दूसरा दिन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। विदित है कि ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 दिसम्बर से प्रारंभ हो गई हैं विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के केन्द्र अध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि दूसरे दिन दोनों पालियों में कुल 1916 विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तो वहीं 34 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दूसरे दिन निरीक्षण के दौरान कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने केन्द्र का निरीक्षण कर दुरुस्त व्यवस्थाओं के साथ परीक्षाओ के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

The exams of the odd semester of the session 2024-25 of Khwaja Muinuddin Chishti Language University, Lucknow have begun. It is known that the examinations of the odd semester of Khwaja Muinuddin Chishti Language University for the session 2024-25 have started from December 16. Prof. Ehtesham Ahmed, Centre Superintendent said that on the second day, a total of 1916 students registered their presence in the examinations in both the shifts, while 34 students were absent. During the inspection on the second day of the exam, the Registrar Dr. Mahesh Kumar inspected the centre and gave the necessary guidelines for the successful conduct of the examinations with good arrangements.

In both the shift for smooth implementation of the examination, Dr. Neeraj Shukla, Dr. Ataur Rahman Azmi, Dr. Nalini Mishra, Dr. Manish Kumar and Dr. Shweta Agarwal as flying team made an important contribution in maintaining the goodness and purity of the examination.

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**Date:18/12/2024**

**भाषा विवि के विद्यार्थियों को मिला यूथ इम्पैक्ट चैलेंज में सांत्वना पुरस्कार**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के वाणिज्य विभाग के छात्रों ने यूनिसेफ यूपी कार्यालय के यूथ इम्पैक्ट चैलेंज 2.0 सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया छात्रों में नमरा रफ़त (बी कॉम तृतीय वर्ष) और उनकी टीम, जिसमें दिपांशु गुप्ता, ईशा, सफीया महताब, मेहविश और उम्मे सलमा शामिल है यूनिसेफ के चाबी-यान द्वारा आयोजित यूथ इम्पैक्ट चैलेंज 2.0 और यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता ने भारत में यूनिसेफ के 75 वर्ष और बाल अधिकारों के लिए कन्वेंशन के 35 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। यूथ इम्पैक्ट चैलेंज 2.0 एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य युवाओं को बच्चों के जीवन में बदलाव लाने के लिए कार्रवाई करने और अंतर बनाने के लिए सशक्त बनाना है। इस चैलेंज में नमरा और उनकी टीम को उनके उत्कृष्ट एक्शन प्रोजेक्ट के लिए मान्यता दी गई, जिससे उन्हें सांत्वना पुरस्कार मिला। बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव बनाने के उनके प्रयासों की प्रशंसा में, यूनिसेफ यूपी कार्यालय उन्हें पुरस्कार राशि प्रदान करेगा और उन्हें इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करेगा। इन अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार अपने छात्रों की उपलब्धि पर गर्व करता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। नमरा रफ़त व उनकी टीम के इस कीर्तिमान पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद, कुलानुशासक डॉ नीरज शुक्ला, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. ज़ैबून निसा, सुश्री आफरीन फातिमा तथा विभाग के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं दीं।

**Date:19/12/2024**

**Press Release**

**स्वयम- एनपीटीईएल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एन0 बी0 सिंह के कुशल मार्गदर्शन में स्वयम-एनपीटीईएल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन स्वयम-एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर (आईडी LC 6845 ) एवं विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। ऑनलाइन मोड में आयोजित कार्यशाला में सभी मेंटर शिक्षकों की सहभागिता रही। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप डॉ रुचिता सुजय चौधरी ने विस्तार से स्वयम-एनपीटीईएल पोर्टल के उपयोग एवं महत्ता की चर्चा की। उन्होंने बताया कि लोकल चैप्टर के स्थापित होने से स्वयम-एनपीटीईएल पाठ्यक्रम और प्रमाणन परीक्षा शामिल होने की प्रक्रिया को और अधिक आसान करेगा। उन्होंने शिक्षकों को जागरूक करते हुए विद्यार्थियों को स्वयं कोर्सेज के प्रति सेंसिटाइज करने का आवाहन करते हुए 40% तक ऑनलाइन कोर्स करने के प्रति जागरूक किया साथ ही अधिक से अधिक स्वयम-एनपीटीईएल पोर्टल का इस्तेमाल करने की अपील की। स्वयम-एनपीटीईएल की नोडल अधिकारी डॉ रुचिता सुजय चौधरी ने इस पोर्टल के माध्यम से MOOCS कोर्स की सुविधा और क्रेडिट स्कोर अर्जित करने की बात कही। यदि किसी को पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स करने में कोई असुविधा आती है तो संबंधित व्यक्ति नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकता है। कार्यशाला में डीन, अकादमिक प्रो0 सौबान सईद, प्रो0 चंदना डे, प्रो0 हैदर अली, डॉ काज़िम रिज़वी, डॉ मज़हर ख़ालिक़, डॉ रज़ा हैदरी समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

**Date:20/12/2024**

**मासिक धर्म की पहली शिक्षिका है 'मां'**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के पत्रकरिता विभाग की शोधार्थी नीतिका अंबस्ता को डॉक्टर रुचिता सुजय चौधरी के मार्गदर्शन में उनके शोध विषय 'ग्रामीण किशोरियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मध्यस्थ संचार की समझ' पर शोध डिग्री अवार्ड की गई| नीतिका अम्बष्ट ने अपने थीसिस में मासिक धर्म जैसे उपेक्षित किन्तु अनिवार्य विषय का अध्ययन किया और अपने व्यापक शोध और विश्लेषण के माध्यम से कई अहम तथ्यों को सामने लाया| कुल मिलाकर यह अध्ययन ग्रामीण किशोर लड़कियों के बीच मासिक धर्म के बारे में जागरूकता पैदा करने में मध्यस्थ संचार की भूमिका को समझने में मदद करता है|

यह अध्ययन मासिक धर्म से संबंधित प्रचलित मिथकों को दर्शाता है जैसे मासिक धर्म के दौरान पूजा करने की अनुमति नहीं होना, अचार छूने की अनुमति नहीं होना आदि| यह शोध बताता है कि मास मीडिया में टेलीविजन विज्ञापन ग्रामीण किशोरियों के बीच मासिक धर्म से संबंधित जानकारी का सबसे बड़ा स्रोत है, इसके बाद समाचार पत्र और इंटरनेट हैं| इस अध्ययन में मासिक धर्म के बारे में जागरूकता पैदा करने में रेडियो की भूमिका लगभग नगण्य बताई गई जबकि रेडियो ग्रामीण किशोरियों तथा किशोरियों की माताओं तक में मासिक धर्म से संबंधित स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जानकारी प्रसारित करने का एक बहुत ही प्रभावी माध्यम हो सकता है| ज्यादातर लड़कियां फिल्म 'पैडमैन' देख चुकी है और फिल्म की कहानी से काफी संतुष्ट है फिर भी मासिक धर्म पर चर्चा करने से मनाही है| खासकर परिवार के पुरुष सदस्यों की उपस्थिति में अधिकांश लड़कियां मासिक धर्म से संबंधित कोई भी चीज देखने में शर्म महसूस करती हैं| व्यक्तिगत रूप से मां मासिक धर्म से संबंधित जानकारी का प्राथमिक स्रोत है| लड़कियों के एक बड़े हिस्से 46. 75% के पास मीडिया से जानकारी का कोई स्रोत नहीं है| केवल 42. 5% लड़कियां ही मासिक धर्म के बारे में जागरूक करने में मीडिया की भूमिका से संतुष्ट हैं और 68. 25% लड़कियां सूचना के स्रोत के रूप में व्यक्ति विशेष रूप से मां बहन और दोस्त की भूमिका से खुश हैं|

**प्रेस विज्ञप्ति**

**भाषा विश्वविद्यालय में हुआ एक यू.एफ.एम. केस: बी.टेक. का छात्र कर रहा था नकल**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विगत 16 दिसंबर से स्नातक एवं परास्नातक की विषम परीक्षाएँ चल रही हैं। इसी क्रम में आज सुबह की पाली में परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक डॉ. रज़ा अब्बास हैदरी द्वारा बी.टेक. के एक छात्र को नकल करते हुए पकड़ा गया। इस घटना की सूचना केंद्राध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद को दी गई, जिन्होंने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए मामले का संज्ञान लिया।

इस विषय पर जानकारी देते हुए प्रो. अहमद ने बताया कि उक्त छात्र के खिलाफ अनुचित साधन प्रयोग (यू.एफ.एम.) के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

सेमेस्टर परीक्षाओं में आज कुल 2,046 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 18 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान केंद्राध्यक्ष प्रो. अहमद, डॉ. आज़म अंसारी समेत उड़न दस्ते ने विश्वविद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान वे परीक्षा कक्षों में भी गए और विद्यार्थियों से प्रश्नपत्र के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका में सावधानीपूर्वक अपना रोल नंबर और अन्य जानकारी भरने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग न करने की सख्त चेतावनी भी दी।

**Date:21/12/2024**

**अटल की स्मृति में हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के संरक्षण में तथा सांस्कृतिक समिति समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में विश्वविद्यालय में "अटल जी एवं सुशासन" विषय पर काव्य पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना तथा सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की तथा सुंदर प्रस्तुतियों दी। उक्त कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के संयोजन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. चंदना डे, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामदास, सांस्कृतिक समिति सदस्य डॉ. बुशरा अलवेरा, डॉ. राजकुमार तथा डॉ. आराधना अस्थाना का विशेष सहयोग रहा साथ ही उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी पर आधारित प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के शिक्षकों डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. रामदास तथा डॉ. पीयूष त्रिवेदी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा सहभागिता भी की गई।

**Date:23/12/2024**

**भाषा विश्वविद्यालय: परीक्षा नियंत्रक ने दिए सफल संचालन का निर्देश**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। विदित है कि ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 दिसम्बर से प्रारंभ हो गई हैं विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के केन्द्र अध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि आज दोनों पालियों में कुल 2262 विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तो वहीं 30 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। आज निरीक्षण के दौरान परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने केन्द्र का निरीक्षण कर दुरुस्त व्यवस्थाओं के साथ परीक्षाओ के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दिगेश पांडेय और उड़ाका दल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**Date:25/12/2024**

**Press Release**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह के संरक्षण में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की १००वी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। विश्वविद्यालय के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा श्री अटल बिहारी वाजपेई जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष डॉ नलिनी मिश्रा ने उनके जीवन वृत, कृतित्व एवं सुशासन पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉ. अनुपमा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वाजपेई जी न केवल एक कुशल राजनीतिक थे अपितु एक प्रखर वक्ता तथा कवि भी थे। उन्होंने राष्ट्र में सुशासन लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. अभय कृष्णा एवं डॉ रामदास ने भी वाजपेई जी एवं सुशासन विषय पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का समापन सुशासन शपथ के साथ हुआ।